बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड
निबंधित कार्यालय, विद्युत भवन बेली रोड, पटना–800021

पत्रांकः–T-III/ Vividh-1305/2016 2421. पटना, दिनांकः– 28/07/2016

प्रेषकः– आर0 एन0 लाल
महाप्रबंधक (मा0सं0 एवं प्रशा0)

सेवा में,

महाप्रबंधक –सह–मुख्य अभियंता,
संचरण जोन, पटना / मुजफ्फरपुर।

विषयः– **नवनिर्मित एवं निकट भविष्य में ऊर्जान्वित होने वाले ग्रिड उपकेन्द्रों तथा वैसे चालू ग्रिड उपकेन्द्रों, जिनमें परिचालन कर्मियों को अत्यधिक कर्मी हो ,में परिचालन कर्मियों एवं मानव बल को पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपर्युक्त विषयक के संबंध में कहना है कि निम्नांकित नवनिर्मित एवं निकट भविष्य में ऊर्जान्वित होने वाले ग्रिड उपकेन्द्रों में आवश्यक परिचालन कर्मियों के पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति हेतु आपके स्तर से अनुरोध प्राप्त हुआ हैः–

1. 220 / 132 / 33 GSS उजियारपुर
2. 132 / 33 GSS शिवहर
3. 132 / 33 GSS बेलसंड
4. 132 / 33 GSS महनार
5. 132 / 33 GSS बेनीपट्टी
6. 132 / 33 GSS हथुआ
7. 220 / 132 / 33 GSS किशनगंज (नया)
8. 132 / 33 GSS निर्मली
9. 132 / 33 GSS त्रिवेणीगंज
10. 132 / 33 GSS बनमनखी
11. 132 / 33 GSS रामगढ़
12. 132 / 33 GSS मुण्डेश्वरी
13. 220 / 132 / 33 GSS पुसौली
14. 220 / 132 / 33 GSS सोननगर (नया)

विदित है कि संचरण कंपनी के अधीन वर्तमान में परिचालन कर्मियों को अत्यधिक कमी है। बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड द्वारा नियुक्ति प्रकिया प्रारंभ की जाने वाली है जिसमें समय लगना संभावित है।

अतः उपरोक्त आवश्यकता एवं वर्तमान परिस्थिति के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है कि इन नवनिर्मित एवं निकट भविष्य में ऊर्जान्वित होने वाले उपकेन्द्रों के लिए 8 (आठ) परिचालन कर्मी [(3x2=6) एवं अतिरिक्त–02] रखा जाना है। उक्त 8 कर्मी की मॉग संबंधित संचरण कम्पनी के विद्युत कार्यपालक अभियंता, संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के विद्युत कार्यपालक अभियंता से आई0टी0आई (विद्युतज्ञ) प्रशिक्षित मानवबल उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध करेगे। जिनका मानदेय का भुगतान संचरण कम्पनी के द्वारा संबंधित वितरण कम्पनी के विद्युत कार्यपालक अभियंता को किया जायेगा तथा वितरण कम्पनी के विद्युत कार्यपालक अभियंता अपने स्तर से नियमानुकूल एजेन्सी / मानवबल को भुगतान करेंगे।

संचरण कम्पनी के विद्युत कार्यपालक अभियंता का यह दायित्व होगा कि ऊर्जान्वित होने वाले ग्रिडों में चार नये परिचालन कर्मी एवं चार पुराने (नियमित) परिचालन कर्मी का पदस्थापन करेंगे। यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सभी पाली में एक नये एवं एक पुराने (नियमित) कर्मी कार्यरत रहेंगे। इस बात की संभावना है कि संचरण कम्पनी के विद्युत कार्यपालक अभियंता के क्षेत्राधीन में पर्याप्त संख्या में नियमित कर्मी उपलब्ध नहीं हो, ऐसी स्थिति में संबंधित महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता/विद्युत अधीक्षण अभियंता से अपने स्तर से निकटतम उपकेन्द्रो से नियमित कर्मी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा जिन ग्रिड से नियमित कर्मी जितनी संख्या में हटायी जाय, उस ग्रिड में उतने नये मानवबल को प्रतिनियुक्त किया जाये। यह व्यवस्था करने के समय इस बात की सावधानी बरती जाय कि प्रत्येक ग्रिड के (पुराने/ऊर्जान्वित होने वाले) के पाली में एक पुराने (नियमित) कर्मी कार्य करेंगे।

यह व्यवस्था अगले छः माह अथवा नियमित कर्मी उपलब्ध होने तक, जो पहले हो, लागू होगा।

उक्त व्यवस्था के संबंध में की गई व्यवस्था का सुस्पष्ट विस्तृत प्रतिवेदन (ग्रिड वाइज परिचालन कर्मी की सूची) मुख्यालय को अविलम्ब उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

यह अत्यन्त ही महत्वपूर्ण विषय है एवं इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ताकि ऊर्जान्वित होने वाले ग्रिडों में ससमय परिचालन कर्मी उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वासभाजन

(आर0 एन0 लाल)
महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)

ज्ञापांकः– ________ पटना, दिनांकः– ________

प्रतिलिपिः–सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता (संचरण अंचल)/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता (संचरण प्रमण्डल), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आर0 एन0 लाल)
महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)

ज्ञापांकः– 2421 पटना, दिनांकः– 28/07/2016

प्रतिलिपिः–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लि0, पटना/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता–सह–उपमहाप्रबंधक, विद्युत आपूर्ति क्षेत्र/सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत आपूर्ति अंचल/सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड/नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आर0 एन0 लाल)
महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन)